दिन–रविवार दिनांक– 24 / 03 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

एनडीए के प्रमुख घटक दल जदयू ने अपने खाते में आई सभी सोलह सीटों पर प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी है। पार्टी ने वाल्मीकि नगर से सुनील कुमार, सीतामढ़ी से देवेशचन्द्र ठाकुर, कटिहार से दुलाल चन्द्र गोस्वामी, मधेपुरा से दिनेश चन्द्र यादव, पूर्णियां से संतोष कुशवाहा, और सुपौल से दिलेश्वर कामत को अपना उम्मीदवार बनाया है। जदयू ने भाजपा से मिली शिवहर लोकसभा सीट पर लवली आनन्द को उम्मीदवार बनाया है। पार्टी ने सीवान से मौजूदा सांसद कविता सिंह को मौका नहीं दिया हैं। हाल ही में राष्ट्रीय लोक मोर्चा छोड़कर जदयू मे शामिल हुई विजयलक्ष्मी कुशवाहा को सीवान से उम्मीदवार बनाया गया है। नालंदा से कौशलेन्द्र कुमार, जहानाबाद से चन्देश्वर प्रसाद चन्द्रवंशी, और किशनगंज से मुजाहिद आलम को लोकसभा चुनाव का टिकट मिला है। पार्टी ने राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह को मुंगेर से, गिरधारी यादव को बांका से और झंझारपुर से मौजूदा सांसद रामप्रीत मंडल को अपना उम्मीदवार बनाया है। वहीं गोपालगंज से आलोक कुमार सुमन और भागलपुर से अजय कुमार मंडल को उम्मीदवार बनाया गया है। जदयू ने अपने बारह मौजूदा सांसदों को फिर से मौका दिया है। वहीं पार्टी ने तीन नयें नेताओं को भी उम्मीदवार बनाया है। सोलह सीटों में से ग्यारह सीटों पर पिछड़ा और अति पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवार को टिकट दिया गया है । वहीं, तीन सीटों पर स्वर्ण उम्मीदवार उतारे गए हैं। जबकि महा दलित और मुस्लिम कोटे से एक–एक उम्मीदवार को टिकट मिला है। पटना में जदयू प्रत्याशियों की सूची जारी करते हुए पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने दावा किया कि लोकसभा चुनाव में एनडीए के घटक दल सभी चालीस सीटों पर विजय प्राप्त करेंगे। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा, वरिष्ठ नेता वशिष्ठ नारायण सिंह और ललन सिंह के साथ अन्य नेता उपस्थित थे।

———————————————————————

राष्ट्रीय जनता दल की ओर से प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह दिये जाने से महागठबंधन में टकराव बढ़ गया है। कई सीटों पर दोस्ताना संघर्ष के आसार दिख रहे

हैं। महागठबंधन के दलों के बीच सीटों का बंटवारा अभी तय नहीं हुआ है। इसके बावजूद राजद ने अपने कई उम्मीदवारों को सिंबल दे दिये हैं। पहले चरण की चार सीटों औरंगाबाद, नवादा, गया और जमुई के लिए उम्मीदवारों की घोषणा के साथ ही आठ अन्य उम्मीदवारों को भी पार्टी ने सिंबल दे दिया है। राजद ने अबतक बारह उम्मीदवारों को पार्टी का सिंबल प्रदान कर दिया है। इधर, महागठबंधन में शामिल वाम दलों, सीपीआई और सीपीएम ने भी दो सीटों पर अपने उम्मीदवार तय कर दिये हैं।

———————————————————————

इधर, जदयू के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव और पूर्व केन्द्रीय मंत्री अली अशरफ फातमी आज राजद मे शामिल हो गए। पटना में राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने श्री फातमी को पार्टी की सदस्यता दिलाई। अली अशरफ फातमी के मधुबनी से चुनाव लड़ने की संभावना है। फिलहाल राजद ने इस संबंध में औपचारिक ऐलान नहीं किया है।

———————————————————————

एनडीए के कई मौजूदा सांसदों का टिकट कटने या संसदीय क्षेत्र बदलने के स्पष्ट संकेत मिल रहे हैं। शिवहर की सीट जदयू के खाते में गयी है, जहां से जदयू ने लवली आनंद को उम्मीदवार बनाया है। जिसके कारण शिवहर से भाजपा की मौजूदा सांसद रमा देवी का टिकट कट गया है। वहीं, गया सीट से हम प्रमुख जीतनराम मांझी के चुनाव लड़ने की घोषणा के बाद मौजूदा जदयू सांसद विजय मांझी का भी टिकट कट गया है।

———————————————————————

प्रदेश के सभी जिलों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाता शिक्षा और निर्वाचन सहभागिता के नोडल अधिकारियों को विशेश निर्देश दिया है। अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी आनंद शर्मा ने बताया है कि राज्य में राष्ट्रीय मतदान औसत से अधिक मतदान कराने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि दिव्यांग मतदाताओं को पूरी सुविधा देने का भी निर्देश दिया गया है।

———————————————————————————————————

आज होलिका दहन है। होलिका दहन फाल्गुन माह के पूर्णिमा की रात को किया जायेगा। इस वर्ष भद्रा नक्षत्र का साया रहने के कारण होलिका दहन के एक दिन बाद होली मनायी जायेगी। होली को लेकर प्रशासन विशेष चौकसी बरत रहा है और संवेदनशील स्थानों पर निगरानी बढ़ा दी गयी है। अस्पतालों और अग्निशमन विभाग को भी अलर्ट रहने का निर्देश दिया गया है। इधर, होली के मौके पर शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये हैं। पुलिस मुख्यालया ने उग्रवाद प्रभावित जिलों में कड़ी निगरानी बरतने का निर्देश दिया है। इधर, पटना जिले में विभिन्न स्थानों पर आज शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस ने फ्लैग मार्च किया।

———————————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।